उप-सभाध्यक्ष महोदय, सरकार ने गरीबी हटाओ का नारा देश में लगाया है। सरकार ने गरीब लोगों के उत्थान के लिए, हरिजनों को सहायता पहुंचाने के लिए लघु उद्योगों की स्थापना करने में सहायता का प्रोग्राम बनाया है। इस सम्बन्ध में मेरा जितना अनुभव है उस के मुताबिक मैं यह कह सकता हूं कि लघु उद्योग का काम जितना है वह मिडिलकास्ट के लोगों के पास चला गया है और हरिजन लोगों के पास लघु उद्योग का काम बिल्कुल भी नहीं पहुंच रहा है। इसका कारण यह है कि पहिले लघु उद्योग शुरू करने के लिए ट्रेनिंग के लिए हरिजन जायं और फिर ट्रेनिंग लेने के बाद उसमें पैसा लगाने के लिए रुपयों की आवश्यकता होती है। जब पैसे का सवाल आता है, तो बैंक वाले उसी को कर्जा देते हैं जो कि मकान या जमीन को सिक्योरिटी के तौर पर रख सके। आज हालत यह है कि हरिजनों के पास न जमीन है और न ही मकान है जिसको वे गिर्वी रख सकें। लघु उद्योगों को सीखने के लिए ज्ञान की आवश्यकता होती है और हरिजनों के पास इतना ज्ञान नहीं होता है कि वह उसकी ट्रेनिंग ले सके। सरकार ने लघु उद्योगों की ट्रेनिंग के लिए जो भी व्यवस्था की हुई है अगर वहां पर जाकर देखा जाय तो उन सैन्टरों में मिडिलकास्ट के लोगों को पायेंगे। हरिजन नाम की कोई चीज वहा पर आपको नहीं मिलेंगी। हरिजनों के नाम पर जो ट्रेनिंग सैन्टर बने हुए हैं उनमें एक भी हरिजन आप को ट्रेनिंग लेते हुए नही मिलेगा। मैं आपको इस सम्बन्ध में एक सुझाव देना चाहता हूं और एक छोटा सा उदाहरण भी देना चाहता हूं। गांवों में बहुत से हरिजन चर्मकारी का काम करते हैं, जूते बनाने का काम करते हैं। इस तरह का कार्य उनको या उनके बच्चों को दिया जा सकता है। सरकार ने और प्लानिंग कमीशन ने चर्मकारी और जूता बनाने के लिए एक प्रोग्राम बनाया है, लेकिन इस तरह का जितना भी कार्य था वह सब आगरे में चला गया है। आप आज आगरे में चले जाइये, वहां पर आपको ठाकुर और राजपूत इस काम को करते हुए मिलेंगे। आज चमार से जूता बनाने का धंधा छीन लिया गया है। गांवों में जो हरिजन जूता बनाकर

अपनी आजीविका कमाता था, वह आज समाप्त हो गया है और वे बेचारे बड़ी मुश्किल में पड़ गये हैं मैं समझता हूं कि यह उद्योग इन लोगों के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए क्योंकि ये लोग इस धंधे में पहिले से ही ट्रेन्ड हैं। इसलिए सरकार को कोआपरेटिव के आधार पर इन लोगों के लिए लघु उद्योगों की स्थापना करनी चाहिये तब ही हरिजनों का उद्धार हो सकता है।

मैं समझता हूं कि हमारे यहां जो गिरे हुए हरिजन हैं उनमें से ज्यादातर भंगी ही ज्यादा गिर हुए हैं जिस बेचारे के पास कुछ भी नहीं है। मैं समझता हूं कि हरिजनों के नाम पर जितनी भी सहायता दी जाती है उसका 99.9 परसेंट दूसरे लोगों के पास चली जा रही है। भंगियों के पास आज तक कुछ पहुंचा नहीं ; वह बेचारा आज तक ट्टटी उठा रहा है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि आप कम से कम इस कलंक को तो दूर कर दीजिए। आप सेफ़्टी टैंक बनवा सकते हैं ताकि उसको ट्टटी न उठानी पड़े। कम से कम यह काम तो आप कर सकते थे। आप कहेंगे कि कैसे करें। देहातों में और यहां भी फ़्लश की ट्टटियां हैं और बन सकती हैं।

**श्री जगनाथ भारद्वाज** : इसके लिए स्वयंसेवक चाहिए।

**श्री ओउम् प्रकाश त्यागी** : गवर्नमेंट के दिमाक में बात आनी चाहिए। मैं देहात की बात कहता हूं। हमने देहात में सेफ़्टी टैंक बना दिए हैं घरों में। अब भंगी को ट्टटी उठाने का काम नहीं करना पड़ता। पहले वे ट्टटी उठाते थे और उनको किसानों से अन्न की सहायता मिलती थी। वह काम बन्द हुआ तो उनकी वह सहायता भी बन्द हुई। मैं समझता हूं कि उनको काम मिलना चाहिए। सुअर पालने का धन्धा उनका शुरू से चला आ रहा है, मुर्गी उनके घरों में रहती हैं। क्या वे सुअर पालने का काम और पोल्ट्री फ़ार्म का काम नहीं कर सकते थे? पर उन बेचारों को नहीं दिया गया। पोल्ट्री फ़ार्म और सुअर पालने का काम भी बड़े लोगों, मिडिल कास्ट के हिन्दुओं के हाथ में दे दिया गया। इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया गया कि हम प्रिफ़रेंस किसको दें। उन लोगों को प्रिफ़रेंस नहीं दिया गया।

खास तौर से भूमिहीन मजदूरों के सम्बन्ध में मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। अगर भूमिहीन मजदूरों के लिए सरकार के दिल और दिमाक में कोई सहानुभूति है, उन्हें लघु उद्योग की ट्रेनिंग दें और ट्रेनिंग के साथ लघु उद्योग के लिए मकान बनाना हो तो मकान बनाएं जमीन देनी हो तो जमीन दी जाए। पैसा देना हो तो पैसा दें। साथ ही साथ उनके लघु उद्योगों द्वारा जो सामान बने उसको खरीदने के लिए गवर्नमेंट के परचेजिंग सेन्टर्स हों क्योंकि वह बेचारा नहीं जानता कि उसका बना हुआ माल कहां जाएगा नहीं तो वह फ़िर एक्सप्लोइट किया जाएगा। गवनमेंट की ओर से ही कारखाने बनाये जाएं, सोशलिस्ट गवर्नमेंट है ; धारिया जी आप प्लानिंग में बड़ा इन्टरेस्ट लेते रहे हैं, जिन लोगों के पास घर नहीं है। भूमि नहीं है उनको ट्रेनिंग दीजिए, उनको काम दिलावाइए, जब तक मेनेजमेंट की ताकत उनमें नहीं आती गवर्नमेंट का मेनेजमेंट रहे और जब उनमें वह योग्यता आ जाए तो कारखाना उन्हीं को सौप दिया जाए। कारखाने के मालिक कारखाने में काम करने वाले मजदूर माने जाए गवर्नमेंट नहीं। इस प्रकार की स्थिति आप लाएगें तो इस देश में भूमिहीनों की समस्या का समाधान हो सकेगा अन्यथा नहीं।

भूमि वितरण की बात में कहना चाहूंगा भूमि वितरण के सम्बन्ध में सीलिंग की बात आई। मैं गांव की बात जानता हूं। मेरे गांव में जमींदार हैं। जिस समय सीलिंग की बात आई उन्होंने जमीन अपने लड़के, बहनोई सबको जमीन बाट दी और सीलिंग के बाद

उनके पास एक बीघा भूमि भी नहीं बची। यह फ्राड है कि सीलिंग से बची हुई जमीन भूमिहीनों को बांटी जाएगी। गवर्नमेंट के पास एक बीघा जमीन भी कही आई है। जहां जमीन बची भी मैं जानता हूं सरकार ने एलान किया कि भूमिहीनों को जमीन दो मैं नाम नहीं लेना चाहता मैं गांव के एक पंच को जानता हूं, उसने वह जमीन अपने लड़के को दे दी। मैंने पूछा तो उसने कहा कि मेरा लड़का भी तो भूमिहीन है। लड़के को अलग कर दिया। अलग रहता है। इसलिए भूमिहीन है। भूमिहीन हरिजन होना जरूरी नहीं है। अपने लड़के को भूमिहीन बना कर जमीन दे दी। हरिजनों के पास नहीं पहुंच पाई। सीलिंग के बाद जमीन बचेगी और आप उसे बाटेंगे यह अलग बात है लेकिन सरकार के पास जो परती जमीन है उसको सरकार ने क्यों नही बांटा। मैं सरकार की ईमानदारी पर हमला कर रहा हूं। सरकार अन्दर से ईमानदार नहीं है। अगर ईमानदार होती तो जो जमीन उसके पास है उसका वितरण कर देती।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि लैंड रिफार्म्स की आवश्यकता है। सरकार एलान करे कि जो खेत जोतता है खेत का मालिक वह हो, जो खेत नहीं जोतता, खेती नहीं करता उसको खेत का मालिक रहने का अधिकार नही है। दूसरी बात मै कहना चाहूंगा कि नौकरियों में जिनके पास जमीन है जिन के पास मकान है उनको नौकरियां नहीं मिलनी चाहिए।

**श्री एन० एच० कुम्भारे** (महाराष्ट्र): जमीन का राष्ट्रीयकरण करा दीजिए।

**श्री ओउम् प्रकाश त्यागी:** वह तो अगला कदम है और बहुत अच्छा है लेकिन मै अभी यह कहना चाहता हूँ कि नौकरियों मे सरकार को एक मापदण्ड रखना चाहिए जिस परिवार के पास जमीन है, जिनके पास आमदनी का कोई जरिया है उनको पहले नौकरियां नहीं मिलनी चाहिए। नौकरी के लिए आने वाले केन्डीडेट्स से पूछा जाए कि उसके परिवार के पास कोई आमदनी का जरिया है या नहीं, यदि उस के पास आमदनी का कोई जरिया है तो उस को बाद में नौकरी दी जाए, ताकि हर परिवार में कम से कम एक कमाने वाला तो हो।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि एक बहुत बड़ी मांग यूनियन के नाम पर हमारे भाई ने उठाई है। जो बचे हुए मजदूर हैं उन को भी मारने की बात आप मत कीजिए। गांव में यूनियन की बात करना ठीक नही होगा जो थोड़ा बहुत काम उनको मिल रहा है वह भी उससे खत्म हो जाएगा। शहरी यूनियनें देहात में फेल कर जायेंगी और किसान और मजदूर का जो आपस में एक मधुर सम्बन्ध हैं वह समाप्त हो जाएगा। इसलिए उस को बनाये रखते हुए आप उन मजदूरों के विकास की कोई योजना बनाइये। तो कुछ हो सकता है और मैं समझता हूं कि उसके लिए एग्रीकल्चर बेस्ट, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को वहां बढ़ाइये।

अंत में, उपसंहार में, मैं कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट अपने दिमाग से भेद निकाल दे। अभी तक भारत सरकार में प्लानिंग जिनके हाथ में रही है उनके दिमागों में भारत का निर्माण शहरों का निर्माण ही रहा है। गांवों के लिए उन्होंने कोई योजना नहीं बनायी जबकि 80 प्रतिशत भारतवासी गांवों में रहते हैं। उन्होंने गांवों की उपेक्षा की है। अगर वह गांवों की उपेक्षा करेंगे और मुट्ठी भर शहरों को बढ़ायेंगे तो अवस्था वही होगी कि जो आज इसमें है कि 80, 87 परिवारों के हाथ में ही सारे देश की सम्पति आ गयी है और उनके खिलाफ देश का गरीब वर्ग अपंग बन कर खड़ा हुआ है। मुझे डर लग रहा है कि वह दिन न आ जाय कि जब सारे गांव के लोग आर्गनाइज होकर मुट्ठी भर शहर वालों के खिलाफ खड़े हो जायं जहां कि सारे

अस्पताल, सारे कल-कारखाने हैं और जहां सारी फेसिलिटीज हैं और उनको आज भी शहरों में ही केंन्द्रित किया जा रहा है। ऐसा होने से देश में एक अजीब स्थिति पैदा हो जायगी जिसको कोई रोक नहीं सकेगा। आशा है कि सरकार इसका ध्यान रखेगी।

**श्री कासिम अली आबिद** (आंध्र प्रदेश): वाइस चेयरमैन साहब, मकवाणा जी ने जो प्रस्ताव रखा है मैं उसकी ताईद ही नहीं करता हूं बल्कि मैं उनको मुबारकबाद भी देता हूं इस लिए कि हमारे मुल्क की प्राइम मिनिस्टर मिसेज इन्दिरा गांधी ने मुल्क से गरीबी हटाओ का नारा लगाया। मुल्क से गरीबी हटाओ का नारा तभी शर्मिंद मे ताबीर हो सकता है जबकि लैंडलेस लेबरर्स की हालात को सुधारने की तरफ हम कुछ तवज्जोह करें। आज हालत यह है कि देहात में मजदूर बहुत गुरबत की हालत में रहते हैं। उनकी हालत काबिले सुधार है। उन गोशों पर हुकूमत की निगाह नहीं जाती और मैं इसकी चंद मिसालें आपके सामने रखना चाहता हूं। अभी सेशन में जब मैं आ रहा था उस वक्त महबूबनगर जिले के सोशल वर्कर एम० ए० गफार ने मुझे दावत दी कि आप आ कर देहात के मजदूरों की हालत को देखिये और तहकीकात कीजिये। चुनांचे मैं अपने चन्द साथियों के साथ महबूबनगर गया जहां पर हमारी आमद के सिलसिले में 50-60 गांव के लोग जमा थे। उनसे हम ने तहकीकात की, हालात की छान-बीन की। वहां कुछ ऐसे गांव हैं कि जहां मजदूर लोग रहते हैं। उन लोगों को साल में सिर्फ दो सौ रुपया दिया जाता है और 24 घंटे उनसे काम लिया जाता है और उसकी बीवी को भी नौकर रखा जाता है और उस बीवी की तनख्वाह साल में एक साड़ी होती है। वह जमीदार के घर का सारा काम करती है, झाड़ू भी लगाती है और उसको बदले में साल में एक साड़ी मिलती है और उसके मर्द की तनख्वाह साल में दो सौ रुपये है और जब उसके धर में कोई शादी ब्याह होता है तो वह उन से ही कर्ज लेता है। अगर चार सौ, पांच सौ कर्ज लेता है तो 4-5 साल के बाद वह रुपया हजार डेढ़ हजार हो जाता है। इस तरीके से वह लैंड लार्ड के जाल में फंसता जाता है कि उस जाल से कभी नहीं निकल सकता। गांवों में गोसन, वनचराई और परमोख जमीनें भी हैं, वह भी लैंड लार्ड किसी न किसी तरीके से अपने नाम से पट्टा कर लेते हैं। अगर हुकूमत लम्बारे, बंजारे या हरिजन हैं उनको देना चाहती है तो कोई जमीन उसको नहीं मिल सकती। जैसे हमारे भाई त्यागी जी ने कहा कि जो जमींदार हैं वह लोग जमीनों को लैंड सीलिंग आने से पहले ही अपने कुत्ते, बिल्लियों के नाम से पट्टा करा चुके हैं। यहां तक कि कुछ लोगों ने अपनी बीवियों को तलाक देकर लैंड सीलिंग से बचने के लिए जमीन उनके नाम कर दी है। तो लैंड सीलिंग से कुछ आने वाला नहीं है जो गरीबों में तकसीम किया जा सके। इस तरीके से लैंड लार्ड्स के तले में वह लोग दब रहे हैं, उनकी तरफ कोई तवज्जह नहीं हो रही है। अगर मुल्क में सोशलिज्म लाना है तो इन जरई मजदूरों के लिए, जो देहात में रहते हैं उनके हालात सुधारने की जरूरत है। उनको पूंजीपतियों के आहनी पंजों से बचाने की जरूरत है। तभी मुल्क में सोशलिज्म आ सकता है। आप जानते हैं कि हमारा यह मुल्क जरई मुल्क है। यहां जरई मजदूर हैं और वीवर्स भी हैं। वीवर्स 10-12 करोड़ रहते हैं। जरई मजदूरों की संख्या करोड़ों में हो सकती है। इन दोनो तबकों वीवर्स और जरई मजदूरों के हालात सुधारने की जब तक कोशिश नहीं करेंगे तब तक न सोशलिज्म आ सकता है, न जम्हूरियत की जड़ें इस देश में मजबूत हो सकती हैं, न इंदिरा जी का गरीबी हटाओ का मंसूबा पूरा हो सकता है। इसलिए मैं वाइस चेयरमैन साहब से गुजारिश करता हूं, इसलिए कि वे आन्ध्र के हालात से वाकिफ हैं, इसलिए कि वे किसानों के लिए और गरीब लोगों की तरक्की के लिए मेहनत करते आये हैं, उनके

सारे मसायल से दिलचस्पी है, ताल्लुक भी है, इसलिए मैं गुजारिश करता हूं कि ग्राप इस मामले में तवज्जह दें ताकि वीवर्स के हालात और जरई मजदूरों की हालत सुधारने का मौका मिले और उन लोगों को सरमायेदारों और जमींदारों के नये नये जो जाल हैं, नई नई जो चालें हैं उनसे बचाया जा सके और हकीकी मायनों में सोशलिज्म और डेमोक्रेसी लाने की राह जल्द से जल्द फरहम कर दी जा सके।

इसके साथ ही मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जो लेबर देहात में रहता है, न उसके लिए पानी का और न रहने का इंतजाम है। ग्राम पंचायत समितियां बनी हैं। ग्राप जानते हैं कि जब आंध्र प्रदेश में निजाम की गवर्नमेंट थी तो यहां बड़-बड़ सरमायेदार, बड़े-बड़ जमींदार रूमी टोपी लगा कर, शेरवानी पहन कर निजाम के दरबार में पहुंचते थे, हुजूरी से फायदा उठा कर देहात में जाकर इन्हीं गरीबों पर जुल्म करते थे, मनमाने लगान वसूल करते थे और उनको सताते थे। मुल्क के आजाद होने के बाद हमारे लीडरों ने खौम को बड़े-बड़े नारे दिये। मुल्क में जम्हूरियत लाने की कोशिश की, सेकुलरिज्म, सोशलिज्म लाने की कोशिश की जा रही है। अगर कोई उनसे हमदर्दी रखता है, गरीबों के मदद करने के लिए तैयार होता है तो उनको किसी न किसी तरीके से मार फेंकने की कोशिश की जाती है। आप जानते हैं, वाइस चेयरमैन साहब तेलंगाना मूवमेंट भी इसी जुल्म और ज्यादती की वजह से आंध्र में हुआ था। बिल खसूस तेलंगाना में 45-46 से लेकर 1951 तक उसका जोर रहा। इन्हीं वजूहात की बिना पर इन्हीं जुल्म ज्यादतियों के खिलाफ तमाम छोटे किसान और मजदूर एक साथ इकट्ठे हो गये। उन्होंने शासन का विरोध करने की कोशिश की। लेकिन हमारी हुकूमत जो सोशलिज्म को लाने की कोशिश कर रही है, इनसे मेरी गुजारिश है कि जब तक मजदूर मुल्क में तरक्की नहीं करेगा, वीवर्स की हालत को बदलने की, ठीक करने की कोशिश नहीं की जायेगी तब तक न आपका पंचायत राज कामयाब हो सकता है, न आपका खादी बोर्ड, खादी कमीशन, हरिजन संघ, शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज और लबारीज और माइनारिटीज की भलाई के लिए बनने वाले जो कारपोरेशन हैं वह कामयाब तरीके से कामयाब नहीं हो सकते हैं। इसलिए उन मजदूरों की तरफ जो लाखों और करोड़ों की तादाद में देहातो में पड़े हुए हैं उनकी हालत को बदलने के लिए, उनको जमींदारों और पूजीपतियों के शिकंज से बचाने के लिए फौरी तौर पर तवज्जो देने की जरूरत है। उनको जमीनात की और दूसरी किस्म की सहुलतें अपनी जिन्दगी को एक मय्यार पर लाने के लिए और एक आजाद शहरी की हैसियत से खुशहाल जिन्दगी गुजारने के लिए दी जाएगी तभी मुल्क में सोशलिज्म आ सकेगा। तभी इन्दिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' का नारा पूरा हो सकेगा। जो रेजोलूशन श्री योगेन्द्र मकवाणा ने पेश किया है मैं उसकी दिल से ताईद करता हूं बल्कि ताईद ही नहीं उनको दिल से मुबारकबाद पेश करता हूं। खुदा हाफिज।

SHRI G. LAKSHMANAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, the conditions of peasants in this great country of ours can never be improved unless and until the tillers of land become the owners of land. We have developed a capitalist economy in this country in the name of Five Years Plans. Of course, taking help from even socialist countries we have developd a capitalist economy and our economy is ordinarily an agrarian economy. That is what Gandhiji told us, but we have gone away from the path of Gandhiji and the principles and teachings of Gandhiji. We have industrialised this country and thereby capitalism has grown in this country. Because of it the peasants and the agrarian people are in such

[Shri G. Lakshmanan]

a condition. In all the Five Year Plans we have not given importance to agrarian reforms or the upliftment of peasants and their living conditions. Today for every election we go to the village. Even in the last election when I want and met the people to get their votes, I saw them in the same condition in which they were existing about 27 years ago when we got independence. Children are without cloth to wear. Ladies are with only one Sari and aged persons are without a shirt. This is the condition of the peasants in this country even after 27 years of Independence. Definitely the Congress party as the Government in power must be ashamed that such a situation exists, in spite of the fact that they say that they are ruling this country very well and that they are looking after the interests of the people. Land reform alone will not yield the desired results. When the Congress was ruling in our State they brought in so many land reforms. They fixed the land ceiling at 30 acres, but they gave exemptions to certain vested interests. For instance, pasture lands were exempted and lands where we could grow sugar-cane were exempted. You know why it was done. One of the Ministers in the then Madras Cabinet, Nalla Senapathi Sarkarai Manradiar, owned a lot of land as pasture land. He converted them into pasture land and that was exempted. Then, another big business magnate, the biggest landlord in Tamil Nadu by name Thiru V. S. Thiagaraja Mudalia, owned thousands of acres of land. He got exemption from the then Chief Minister Thiru Kamaraj, who is now talking very well about the poor people, their upliftment and all those things. We gave exemption to him. Thousands of acres of land, where sugar-cane was grown, were also exempted. And they brought 30 acres as the ceiling. Before that, they made an announcement that they were going to bring a ceiling on the land, and all those people, in a socialistic way, of course divided their land to that extent; even the child in the womb was given a portion. That was what the Congress Government did before 1967. When the DMK came to power my friends were saying that the DMK Government also had not brought about any land reform and all that. For the information of this House, I may state that we reduced the 30-acre ceiling to 15 acres. Not only that. All the pasture lands which were exempted by the then Government in order to favour Nalla Senapathi Sarkarai Manradiar who was a Minister in the then Madras Cabinet were also brought under the land ceiling, and also the lands exempted by the then Government headed by Shri Kamaraj lands growing sugarcane, they were also brought under the land ceiling, and only 15 acres was fixed as the land ceiling, which has been fixed at the national level.

If we think that by not doing things the position of the peasants would be improved, we are only in a dreamland. What is the reason for this kind of a system existing in this country? This kind of system is in existence because the caste system is unfortunately rooted in this country. The last man in the society—Brahmana, Kshatriya, Vaishya and Sudra—the Sudra is only the peasant. The Brahmin is not a ploughman, the Kshatriya is not a plough man, the Kshatriya is not a proughman. And nowadays we call the Sudras as Harijans. And they did not care for their welfare. The high caste man will come and measure the paddy and take it away; he would never care for the children of those peasants. And that is why the present conditions are in existence. We must go to the root. The caste system is responsible for this and that is why these peasants are in such a position. Unless and until we eradicate the caste system completely, we cannot improve their lot. Our leader, the late Anna, had said: 'Onre kulam; oruvane devan'. That is, 'one religion and one god'. If this is not brought about in this country, you

cannot improve their lot either by land reforms or by any other method. Everyone of us must think in such terms. Only then can we do something for **them.**

Of course, as far as the Tamil Nadu Government is concerned, we do not believe in casteism; we are all natonalists and we do not say that there should be many castes. Of course, our leader, Pariyar, was saying that there was no god. But we say, there is one god, and that is our slogan. And on these lines we are running the Government.

Then, in order to improve the living conditions of these peasants what have we done? Any peasant who is living even in a fertile land owned by a landlord is given a piece of land for the construction of a house. Even if it is a very good land the landlord must hand it over to him. I think it is only in Tamil Nadu that it has been done. All the peasants in Tamil Nadu have been given lands wherever they are living. They may be living in a very fertile land which might be very costly and the landlord will not be willing to give it to the tenant. But we have brought forward a legislation to the effect that any tenant or peasant who is living in that land or anywhere must be given a portion. And then we have formulated a scheme to construct 10 lakh houses in Tamil Nadu in another five years. In these lands we are constructing houses. The land is free to the peasant, and the construction is done by the Government of Tamil Nadu at a cost of Rs. 5000 each. That is also free to him. An area of 60 x 40 square feet is given to him. That is how we are making some improvements as far as Tamil Nadu is concerned. Even when our hon'ble Minister of Food and Agriculture inaugurated some houses in Madras he said that the other States must take the example from Tamil Nadu and construct houses like this. Therefore, these are certain improvements which we have made and that has been possible with the meagre finances. Unfortunately, we have such a system of government where we cannot do much to the people in the States. We are unable to solve the unemployment problem. We are not able to look after the interest of the peasant. There are two governments in this country. The Central Government has got power to tax people. Thousands and thousands of crores of rupees are taxed and we do not have resources as far as the State is concerned. That is why our Tamil Nadu legislative Assembly has said that they want provincial autonomy. You need not be afraid of the word "provincial autonomy". It does not mean that we want separation from India or we want to go out of India. If at all we want to solve the unemployment problem, to better the condition of the peasants or to see that some more benefits are given to the people, then we must have this provincial autonomy. We have passed a resolution in our Tamil Nadu Assembly and sent it to the Government of India also. But no reply has been received so far.

So, Sir, I would say that unless and until this caste system is completely eradicated things in the society will not improve. Who is a shudra? Shudra is a Sanskrit word which means the son of a prostitute. That is what is written in Veda. Vesi in Tamil means a prostitute. And a peasant is the son of a prostitute. Then how the feudal landlords and the upper classes will touch them?

SHRI O. P. TYAGI: On a point of order. May I know from which book you have got this definition of a Shudra? I have gone through all the scriptures—Vedas and Shastras. I have not seen anywhere this definition.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU): Let us not go into that controversy now.

SHRI G. LAKSHMANAN: I should like to be enlightened by my learned friend. Shudra is a sanskrit word. May I know from the esteemed friend the meaning of the word "shudra"?

SHRI MOHAN DHARIA: Why do you not ask him the meaning of the word "Brahmin"?

SHRI N. H. KUMBHARE (Maharashtra): If it is a good word, if it does not have bad meaning why others should not adopt it?

SHRI G. LAKSHMANAN: In Tamil Nadu we have eradicated this caste system by slogan:

"Ondre Kulam Oruvanae Thevan"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU): You have already said that.

SHRI G. LAKSHMANAN: I will finish it with one point. It is said:

Pirappokkum Ellau Uyirkkum
Sirappovva Seithoezhil Vettru-
mayan

Everybody is born alike. He should not be known by the job he performs. Therefore, unless and until this caste system is completely revolutionised in this country and this caste system is completely eradicated all these bourgeois measures will not satisfy anybody. Here if somebody comes and shaves he is called a barber. If he washes he is called a washerman. If he does some other work he is called that community man. And if he is plough man he is called a Shudra. Therefore, the whole caste system should be revolutionised. The Indian people are very cultured people. They would definitely take to the times and they will see to it that these revolutionary measures are adopted in our country. Then alone land reforms and other progressive measures will succeed. Thank you.

SHRI JAGANNATH BHARDWAJ (Himachal Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, Mr. Makwana's Resolution seeks to ameliorate the lot of the poor people in the rural areas and also of the landless people in the rural areas. I support the Resolution because, as a matter of fact, it seeks to better the lot of all types of poor people. Sir, Mr. Sitaram Singh wants me to speak in "apni bhasha". All languages are "apni", but I will speak in Hindi because he is my friend and I want to please him. मैं यह कह रहा था कि मकवाणा जी ने जो रेजोल्यूशन पेश किया है, जो गरीव लोग देहातों में रहते है, गरीबी हालत मे रहते है, उनकी हालत सुधारने के लिए पेश किया है और यही वजह है कि मैं उनके रेजोल्यूशन की ताईद करता हूं और सपोर्ट करता हूं । इस तरह का रेजोल्यूशन लाने के लिए मै मकवाणा जी को मुबारकबाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस चीज के बारे मे सोचा जिस की कि आज बहुत जरूरत है ।

जहां तक देहात के लेबर का ताल्लुक है, हमारी गवर्नमेंट ने बहुत कुछ उनके लिए किया है, कर रही है और बहुत करना अभी बाकी है । इस समय यह तय हुआ है गरीब लोगों को घर दिया जाय, जिनके पास जमीन नहीं है उनको जमीन दी जाय, प्लाट दिये जाये और उनको दूसरी हर तरह की मदद दी जाय । इन सारी चीजों के बारे में श्री मकवाणा जी ने अपने रेजोल्यूशन मे भी कहा है उनको प्लाट दिया जाना चाहिये, मकान दिया जाना चाहिये और दूसरी सहायता दी जानी चाहिये । इसके साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है कि उनके लिए मिनिमम वेज फिक्सड होना चाहिये । ये जायज चीजे हैं और इस तरह से कई चीजें इस रेजोल्यूशन मे है जिन के जरिये सही माने में गरीब लोगों की मदद

की जा सकती है । यही वजह है मैं इस रेजोल्यूशन की ताईद करता हूं और इसको लाने के लिए उन्हें मुबारकबाद देता हूं ।

जहां तक इस चीज के बारे मे कानून का सवाल है, सरकार इस बारे मै कानून बना रही है, बना भी लिया है, लेकिन ज्यादा जरूरत इस बात की है कि किस तरह से, ओब्जैक्टिव ढंग से इन बातों को लाना चाहिये । इस बारे में कुछ बाते कहूंगा और वे एक तरह से सजेशन्स है और मै गवर्नमेंट से अपील करूंगा कि वह इन पर गौर करे ।

पहिली बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि अभी इस बात की चर्चा हो रही थी कि जो लैंडलैस लेबरर हैं उनको आर्गनाइज्ड किया जाय । श्री त्यागी जी ने अभी कहा कि ये लोग गरीब हैं और इनकी तजीम नही हुई है, इन लोगों की ओर ध्यान नही दिया गया है और किस तरह से इन लोगों की मदद हो सकती है ? श्री त्यागी जी ने कहा है कि उन लोगों को अपनी यूनियन बनानी चाहिये ताकि ये लोग अच्छी तरह से आर्गनाइज्ड हो सके । जिस तरह से शहर के लोग अपनी यूनियने बनाकर, आर्गनाइज्ड ढग से अपनी माग मनवा सकते है, उसी तरह से उनको भी करना चाहिये । मां भी बच्चे को तब ही दूध देती है जब बच्चा रोता है । मां को कैसे पता होगा कि बच्चे को दूध की जरूरत है जब तक कि वह रोयेगा नहीं । जब तक ये लोग आर्गनाइज्ड अपने को नही करते तब तक इनकी बात ऊपर तक कैसे पहुंच सकती है । आज हमारे देहाती मजदूर पिछड़े पडे हुए हैं और उनको देखने वाला कोई नही है । उनकी जो युनियन बन रही हैं उनको सरकार को आर्गनाइज्ड करना चाहिये । जब शहरों मे मजदूर अपनी यूनियने बना सकते हैं तो गांव वाले भी बना सकते हैं ।

**श्री ओइम प्रकाश त्यागी** : ऐसा व्यवहारिक नही है क्योंकि चीन और रूस ने भी ऐसा नहीं किया है ।

**श्री जगन्नाथ भारद्वाज** : अगर वह नहीं कर सके तो हम अपने ढंग से कर सकते हैं क्योंकि हमारी हालत अलग है । हम लोग इतने गरीब होने के बावजूद भी, इतनी बुरी हालत में होने के बावजूद भी हम लोग अपने को खींचते ही चले जा रहे है, हम डैमोक्रेसी की नाव को आगे बढ़ाते ही चले जा रहे है । मुझे तो इस बात की खुशी है कि हम लोग इन हालत पर भी अभी तक मरे नहीं और जिन्दा है जो कि एक बहादुरी है ।

कुछ बात है कि हस्ती मिटती नही हमारी,<br>
गो सदियों रहा है दुश्मन दौरे जहां हमारा ।<br>
यूनान व मिश्र व रोमां सब मिट गए जहां से,<br>
बाकी मगर रहा नामोनिशां हमारा ।

हम इस माने में सोचते हैं । चाहे हम गरीब है, हमारे चारों तरफ दुश्मन है, लेकिन फिर भी हम सब दुखो को झेलते हुए आगे ही बढ़ते चले जाते है ।

मैंने सुना है और चर्चा हो रही है कि मजदूरों की यूनियन बन रही है । यह एक अच्छी बात है । सब लोग जो मजदूरों की मदद करना चाहते हैं वे उनकी यूनियन बनाएं । मैं गवर्नमेंट से अपील करूंगा कि जहां खेतिहर मजदूरों की, रूरल लेबर की यूनियन बन जाएं वहां उनको रिकागनीशन दी जाय, जिले के लेवल पर उनको रिकागनाइज किया जाय ताकि जो उनकी आवाज दबी हुई है वह खुल जाय और अपना इलाज वे खुद करने लगें । डेमोक्रेसी के जमाने मे इतनी मदद कानून नहीं कर सकता जितनी इन्सान अपनी मदद खुद कर सकता है । इसलिए यह निहायत जरूरी है कि इन लोगों की मदद करनी हो तो डिस्ट्रिक्ट लेवल पर एडमिनिस्ट्रेशन इन यूनियन्स को रिकागनाइज करे ताकि एड-मिनिस्ट्रेशन में जो कमजोरियां हैं अथवा वीकनेसेज हैं उनको काउन्टर-बैलेन्स किया जा सके । जो सही माने में लेबर में कन्स्ट्रक्टिव काम करने वाली यूनियन हों उनको प्रापर

[श्री जगन्नाथ भारद्वाज]

रिकागनीशन दी जाय। इतना ही नहीं बल्कि उनको फंक्शन करने के लिए आफिस की सुविधा दी जाय। अभी मेरे भाई ने कहा वर्कर्स एजूकेशन के बारे में। इनको एजूकेशन देने के लिए सहायता दी जाय। इस तरह से काम किया जाय तब गरीब जनता जो देहातों में पड़ी है वह अपनी मदद आप करने के काबिल होगी।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं लैंड रिफार्म्स एक्ट जो बने भी हैं उनको लागू करने में बड़ी मुश्किलात आ रही है और इसलिए मालिक और मुजाहिरे के झगड़े होते हैं। लैंड रिफार्म्स एक्ट मे यह होता है कि जब किसी को जगह जमीन मिलती है तो उसका कब्जा नही मिलता। इसका इलाज यह है कि ये पेचीदे मसले हैं और इनको हल करने के लिये कान्सीलिएशन बोर्ड बनाए जाय तहसील लेबर पर। इन मसलों को एग्रेवेट करते हैं। अगर कोई बात कोन्सीलिएशन से हल न हो सके तो उसका इलाज यह है कि वह आरबीट्रेशन में दे दी जाय ताकि ये बातें अदालतों मे न जायें और गरीब लोगों का लीगल प्रोफेशन वाले बिना वजह एक्सप्लोइटेशन न कर सकें।

लैंडलैस लेबर को रोजगार की जरूरत है। देहातो की समस्याएं तब हल होगी जब लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए मैं समझता हूं कि लेबर कोआपरेटिव्स आर्गेनाइज होनी चाहिए। लेबर कआपरेटिव कैसे आर्गेनाइज हो सकती है। गवर्नमेंट ने पहले एक स्कीम बनाई थी। वह कुछ देर चली पर अब यह मध्यम है और लावारिसी की वजह से यह स्कीम खत्म होती जा रही है। इस स्कीम को फिर वर्केबिल शेप में लाकर कायदे कानून बना कर जारी किया जाय ताकि जो करोड़ों रुपया कन्स्ट्रक्शन आदि पर खर्च होता है वह रुपया सही ढंग से खर्च हो और जो प्रोफिट मिडिलमेन ले जाते हैं वह डिस्ट्रीब्यूट हो सके। कन्ट्रेक्ट सिस्टम के लिए यह कहा जाता है उसमें इकोनोमी होती है, कम्पटीशन आता है, लेकिन इस कम्पटीशन और इकोनोमी के नाम पर रुपया कार्नर बहुत होता है। इसलिए फिर डिस्ट्रीब्यूशन के लिए ज्यादा आदमियों को रोजगार की शक्ल मे पैसा बांटने के लिए यह जरूरी है लेबर कन्ट्रेक्ट कोआपरेटिव सोसाइटीज बनाई जायें, उनको वर्केबिल शेप दी जाय और डिटरमिन्ड तरीके से चलाया जाय। तब गरीब जनता का बहुत भला हो सकता है। कई चीजें और भी कहने को हैं, लेकिन मैं इतना ही कह कर समाप्त करता हूं।

**श्री सीताराम सिंह** (बिहार) : श्रीमन् उपाध्यक्ष महोदय,--भूमिहीनो के सवाल पर चर्चा करने से पहले मैं कहना चाहता हूं--'चलती चक्की देखकर दिया कबीरा रोय, दो पाटन के बीच मे बाकी बचा न कोय।' श्रीमान् आज इस देश में क्या हो रहा है। गांधी जी बराबर कहा करते थे कि भारत की आत्मा गांवों में रहती है। लेकिन उस आत्मा की क्या दुर्गति हो रही है यह हम बताना चाहेंगे इस सदन को आपकी आज्ञा से। जो भूमिहीन लोग हैं, किसान हैं, अर्द्ध किसान हैं, खेतिहर मजदूर हैं वे चक्की के दो पाटो के बीच में पिसे जाते हैं--एक तो इस देश में सरकार उनकी मालिक है और दूसरे उनके मालिक गांवो में रहते हैं, जो बड़े भूपति, जमींदार, ताल्लुकेदार, सेठ-साहूकार और तथाकथित ऊंची जाति के शक्तिशाली लोग हैं। चक्की के इन दो पाटों में वे पिसे जाते हैं। कैसे पिसे जाते हैं? जब वे उचित मजदूर मांगते हैं तो नतीजा क्या होता है? कि उन को चोरी के झूठे केस में कत्ल में फंसाया जाता है और फिर सरकारी मुलाजिम जो वहा रहते है--दरोगा, इंस्पेक्टर आदि, वह निहित स्वार्थ के लोग हैं और वे जो गांव के हरिजनों और भूमिहीनों पर अत्याचार करते हैं उन को संरक्षण देते हैं नतीजा यह होता है कि उन पर झूठे केस

चलाये जाते हैं और उन को सजा दिलायी जाती है। हरिजनों को कत्ल किया जाता है और थाना में उस की इत्तला भी दर्ज नहीं की जाती। ऐसी अनेको घटनायें हैं इस देश में और इस समाज में। दूसरी तरफ जब वे लोग उचित मजदूरी मांगते हैं. जब वे चाहते हैं कि उन के साथ लोग सम्मानित तरीके से व्यवहार करें तो उसके लिए उन पर डंडे बरसाये जाते हैं। आज भी ऐसे अनेकों गांव हैं जहां का हरिजन बड़े लोगों के सामने, ऊंची जात वालों के सामने खाट पर नही बैठ सकता, वह साहस नही कर पाता कि खाट पर बैठे। यह स्थिति आज अपने देश की है। मैं बिहार का उदाहरण देना चाहता हूं। जो पुराना शाहबाद जिला है उस में हरिजन लोग जब अपनी मजदूरी के लिये आंदोलन चला रहे थे तो गत वर्ष वहां बड़ी जाति के लोगों ने, एस०पी० से तथा दरोगा से मिलके साजिश कर के उस गाव को घेर लिया और घरों को जला दिया और घंटो तक कई चक्र गोलियां चलाते रहे जिससे अनेकों लोग मारे गये। अभी-अभी कुछ दिन पहले एक हरिजन और एक यादव को पकड़ कर सरे आम गोली मार दी गयी और कहा गया कि यह नक्सल-पंथी हैं। अच्छा बहाना इस देश में मिल गया है। किसी से बदला निकालना है, किसी को कत्ल करना है तो कह दो कि यह नक्सल-पंथी है। तो यह स्थिति आज देश मे है। 27 वर्ष की आजादी के बाद करोड़ों लोग इस देश में ऐसे हैं जो खुले आकाश के नीचे रहते हैं चाहे सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात हो। उन के लिये आज भी कोई प्रबंध नहीं किया गया है। बहुत ही दुख के साथ कहना पड़ता है कि सर्दी तो योरप के देशों में पड़ती है और एशिया मे हिन्दुस्तान तो गर्म मुल्क है लेकिन यहां भी आदमी सर्दी से मरते हैं उस का कारण क्या है? उस का कारण यह है कि उन आदमियों के पेट में दाना नही रहता। उसके पेट में रोटी नहीं रहती। उसके शरीर में जाड़े को रोकने के लिए शक्ति नही रहती हैं। पोषण तत्व उसके शरीर में नहीं है, इसलिए वह सर्दी में मरता है और वही इंसान अधिक गर्मी में भी मरता है जिनको रहने के लिए मकान नही है। जो खाली पेट इसान होता है उसी को लू लगती है। आज तक हमने नहीं सुना कि कोई सेठ का बेटा या राजा महाराजा का लड़का सर्दी लगने से मर गया हो। तो यह स्थिति अपने देश की है।

सन् 1948 में भूमिहीनो एंव हरिजनो को आवास भूमि का पर्चा देने का कानून बना था। लेकिन हम दावे के साथ कहना चाहते हैं कि आज भी बहुत से लोग हैं जिनको जमीन का पर्चा नही मिला है। अगर मिला है तो 3 डिसमल, दो डिसमल, ढाई डिसमल। इंसान तो इंसान है, वह जानवर नही है कि सिमट क रहे। अगर यह हुआ है तो किस कारण हुआ है। निहित स्वार्थ है, कर्मचारी होते हैं, सी० ओ० होते हैं वे सब मिलकर इस तरह के काम करते हैं। साढे 12 डिसमल तक देने की बात है लेकिन हम सरकार से यह जानना चाहेंगे कि इसक, जांच कराये कि वासिगित जमीन का पर्चा जिनको मिला है उनमें साढ़े 12 डिसमल कितने लोगो को मिला है और दो, ढाई डिसमल कितने लोगों को मिला है। इसके मूल में निहित स्वार्थ के लोग हैं। जातिवाद से यह देश इतना विकृत हो गया है कि मानवता का कोई ख्याल नही होता। देश को रसातल में ले जाने वाले ये कारनामे हो रहे हैं।

खेतिहार मजदूरों का जहां तक सवाल है उनको साल भर काम नहीं मिलता। मुश्किल से तीन चार महीने काम मिलता है बाकी दिनो में वह कैसे जीते हैं खुदा जाने। पीपल की टहनी होती है उसको इंसान उबालकर खाते हैं, कर्मी का साग खाकर रहते हैं। जो जानवर अनाज को पाखाने में निकाल देते हैं उनको धोकर बनाकर खाते हैं

[श्री सीताराम सिंह]

यह तो हमारे समाजवादी मुल्क और गरीबी हटाओ का नारा देने वाली श्रीमती इंदिरा गांधी के राज का हाल है ।

श्रीमन्, जहां तक देखिये यह भयकर स्थिति है आज इस देश की । मेरा तो विश्वास हिल गया है कि इस सरकार के जरिये जमीन का बंटवारा होगा और हर इंसान को जमीन मिलेगी । हमें तो अब ऐसा लग रहा है कि इस देश के जो भूमिहीन किसान हैं, जो मजदूर हैं, जो गरीब लोग हैं, उन लोगो के साथ सरकार राहत, दान और दया पर निर्भर रहने की नीति चला रही है । यह नीति नहीं चलाई है कि इंसान जीवित रहे, इंसान की जो जरूरत की चीजें हैं, जो जीवनोपयोगी वस्तुएं हैं वह महैय्या की जाएं और हर इंसान स्वावलम्बी हो । किसी पर कोई दया दिखाये ऐसा न हो । कोई किसी का कृपापात्र न रहे । ऐसी नीतियों परयह सरकार नहीं चलती । ऐसी नीति इस सरकार की नही है । जब तक ऐसी नीति नहा चलेगी तब तक इस देश का अपार जनसमुदाय जो आज दाने दाने के लिए मुहताज है, अगर उसका क्रोध भड़क गया तो यहां प्रलय हो कर रहेगा । इस देश में इसको कोई रोक नहीं सकता है । साथ ही तब तक खेतिहर मजदूरों को, भूमिहीनों को, छोटे किसानों को और तमाम लोगों की ओर ध्यान नहीं जाता है तो राष्ट्र कमजोर होगा ।

*(Time bell rings.)*

5PM

उपसभाध्यक्ष (श्री वी० बी० राजू): पांच बज गये हैं आप आधे मिनट में पूरा कर सकते हैं तो पूरा कर लीजिए ।

श्री सीताराम सिंह : मैं दो मिनट लूंगा ।

भूमि भूमिपतियों के हाथ हैं और पूंजी पूंजीपतियों के हाथ है और तीसरी तरफ ये करोड़ों गरीब मजदूर इस देश में हैं । जब तक इन तीनों का समन्वय नही होगा तब तक देश का उत्पादन बढ़ने वाला नहीं है । इस तरह से कोई सरकार चल नही सकती । जब तक लोगो को बराबरी के आधार पर, हिस्सेदारी के आधार पर नहीं लिया जाएगा तब तक इस देश में उत्पादन बढ़ने वाला नही है ।

आज हमारी कृषि की हालत क्या है ? पिछले 26-27 वर्षों की आजादी के बावजूद इस कृषि प्रधान देश में बहुत ही दुःख के साथ कहना पड़ता है कि उद्योग प्रधान देश से हिन्दुस्तान ने 60 अरब का गल्ला मंगाया है, 21 अरब की रूई मंगाई है । इसका कारण क्या है ? इसका कारण यह है कि इस सरकार की बुनियादी नीति ही दोषपूर्ण है, वही गलत है ।

उपसभाध्यक्ष ( श्री वी० वी० राजू) : बस समाप्त कीजिए । पांच बज गए हैं । एक मिनट के अन्दर बोल दीजिए ।

श्री सीताराम सिंह : मैं केवल दो मिनट लूंगा ।

मैं मांग करता हूं कि सरकार अगर चाहती है कि इन लोगों को राहत देना, इनकी जिन्दगी में तबदीली लाना तो एक बोर्ड का गठन करे । जो इस देश में मजदूर हैं, खेतिहर मजदूर हैं, छोटे किसान हैं उनकी एक सैन्सस रिपोर्ट तैयार करे । उस रिपोर्ट के आधार पर उनकी संख्या कितनी है और उनको कितने साधन की जरूरत है इसके लिए एक कल्याणकारी योजना बना कर युद्ध स्तर पर उनके जीवन को सुधारा जाए । यह मेरा सुझाव है ।

दूसरी बात मैं यह कह । चाहता हूं इस सदन के जरिये देश क किसानों से, मजदूरों से कि अधिक र भीख मांगने से नहीं मिलते हैं, लड़ने से मिलते हैं, सघर्ष करने से मिलते हैं जैसा कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि जीना है तो मरना सीखो। जब इंसान कुर्बानी देगा तब वह अपने अधिकार पाएगा। इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. B. RAJU): The debate will continue on the next non-official day for resolutions. The House stands adjourned till 11 O'clock on Monday.

The House then adjourned at three minutes past five of the clock till eleven of the clock on Monday, the 24th February, 1975.

GMGIPND—RSI—1913 RS—16-6-75—595